कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / खेलकूद–3 / ऑनलाईन मॉड्यूल / 2023 दिनांक : 22.09.2023

समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा।
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय–प्रारंभिक / माध्यमिक शिक्षा।
समस्त यूसीसीईओ / पीईईओ / संस्थाप्रधान।

विषय : शाला दर्पण पोर्टल पर खेलकूद प्रतियोगिताओं हेतु निर्मित SPORTS TOURNAMENTS MODULE में फीडिंग हेतु निर्देश प्रदान करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत शिक्षा विभागीय विद्यालयी (प्रारंभिक / माध्यमिक) खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के पंजीकरण, परिणाम, ड्रॉज एवं प्रशस्ति पत्र / प्रमाण पत्रों आदि संबंधी समस्त कार्यवाही ऑनलाईन मॉड्यूल के माध्यम से शाला दर्पण पोर्टल पर प्रारम्भ की जा रही है।

इस क्रम में संबंधित प्रक्रिया / क्रियाविधि निम्नानुसार रहेगीः–

1. **संस्थाप्रधान / शाला स्तर पर :–** विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित होने के पश्चात जिला स्तर प्रतियोगिताओं के लिए चयनित विद्यार्थियों के खेलकूद प्रतियोगिता आवेदन फॉर्म शाला दर्पण पोर्टल पर SPORTS TOURNAMENTS MODULE के माध्यम से भरे जाएंगे तथा जिला शिक्षा अधिकारी स्तर के लिए प्रेषित किये जाएंगे। उपरोक्त मॉड्यूल का लिंक शाला दर्पण होम पेज पर उपलब्ध है। SPORTS TOURNAMENTS MODULE हेतु निम्नलिखित लिंक का भी उपयोग किया जा सकता हैः–

   https://rajshaladarpan.nic.in/SD3/SportsNew/Home/Login.aspx

   मॉड्यूल में विद्यालय के शाला दर्पण लॉगइन आईडी व पासवर्ड के द्वारा लॉगइन किया जाएगा। पत्र के साथ संलग्न यूजर मैन्यूअल में आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया निर्धारित कर निर्देश जारी किये गए है। **माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों हेतु तृतीय एवं चतुर्थ चरण व प्रारंभिक शिक्षा के विद्यालयों हेतु द्वितीय व तृतीय चरण की समस्त प्रकिया इस मॉड्यूल के माध्यम से ही पूर्ण की जानी है। इसके अभाव में समस्त राजकीय / निजी विद्यालयों के विद्यार्थी खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाएंगे।** जिन खेलकूद प्रतियोगिताओं के चरण पूर्ण हो चुके है उनकी प्रविष्टि भी अतिशीघ्र पोर्टल पर की जानी सुनिश्चित करावें।

2. **जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्तर पर :–** जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा किये जाने वाली समस्त कियाविधि शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से की जाएंगी। इस हेतु आवश्यक निर्देश पृथक से जारी किये जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी उक्तानुसार होने वाली समस्त ऑनलाइन प्रक्रिया का प्रभावी प्रबोधन अपने स्तर पर तत्काल ही प्रारंभ करेंगे।

संलग्न : यूजर मैनुअल।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. वरिष्ठ निदेशक (आईटी), एन. आइ. सी. जयपुर।
4. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
5. अनुभाग अधिकारी, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
6. अनुभाग अधिकारी, पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा / आरटीई अनुभाग, प्रारंभिक शिक्षा को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ समस्त निजी विद्यालयों तक भी उक्तानुसार सूचना प्रसारित करवाना सुनिश्चित करें।
7. प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर / सादुल स्पोर्टस स्कूल, बीकानेर।
8. संस्थाप्रधान / केन्द्राधीक्षक, समस्त सत्र पर्यन्त केन्द्र / शाला कीड़ा संगम केन्द्र / खेल छात्रावास।
9. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.09.22 1?:51:16 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4777393